Date -16.10.2023

THE TIMES OF INDIA
INDIA'S MOST TRUSTED NEWS BRAND
INDIA'S LARGEST ENGLISH NEWSPAPER
INCLUSIVE OF EDUCATION TIMES & DELHI TIMES | *APPLICABLE ONLY ON MONTHLY PURCHASE

The Delhi Police Academy running club had 40 members participating in the race under the leadership of director Vijay Singh, IPS. Inspector Sanjay Panghal, head constable Subhash, and sub-inspector Digamber clinched the Police Cup and a coveted gold medal, accompanied by a cash prize of Rs 45,000. Women recruit constables Kalpana, Rajnandini and Tshering Dolkar too secured the bronze medal in the Police Cup, earning a cash prize of Rs 15,000.

NBT
नवभारत टाइम्स

पुलिस अकेडमी का हाफ मैराथन में शानदार प्रदर्शन

■ **विस, नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस अकेडमी ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में शानदार प्रदर्शन किया। मैराथन में दिल्ली पुलिस अकेडमी रनिंग क्लब ने हिस्सा लिया। अकेडमी के निदेशक आईपीएस विजय सिंह के सुपरविजन में 40 सदस्यों की उपस्थिति रही। मेल कैटिगरी में इंस्पेक्टर संजय, हेड कॉन्स्टेबल सुभाष और एसआई दिगम्बर शामिल थे। फीमेल रनिंग क्लब ने भी अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। महिला कॉन्स्टेबल कल्पना, राजनंदिनी और त्शेरिंग डोल्कर ने उम्दा प्रदर्शन किया। इस हाफ मैराथन में दिल्ली पुलिस अकेडमी के साथ ही लगभग 115 टीमों ने भागीदारी की जिनमें दिल्ली पुलिस की अलग-अलग इकाइयों और जिलों से आए 345 रनर ने हिस्सा लिया।



अकेडमी के निदेशक के सुपरविजन में 40 सदस्यों ने हिस्सा लिया

पंजाब केसरी

दिल्ली हाफ मैराथन में दिल्ली पुलिस ने भी जीते खिताब

दिल्ली पुलिस अकादमी ने दिल्ली हाफ मैराथन में पुलिस कप में शीर्ष गौरव हासिल कर शानदार प्रदर्शन किया। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में दिल्ली हाफ मैराथन का आयोजन हुआ। दिल्ली हाफ मैराथन के इस संस्करण को विशेष बनाने वाली बात यह थी कि इसमें दिल्ली पुलिस अकादमी रनिंग क्लब की महत्वपूर्ण उपस्थिति थी। दिल्ली पुलिस अकादमी के गौरवमय निदेशक आईपीएस विजय सिंह के मार्गदर्शन में 40 सदस्यों की उपस्थिति रही।पुरुष श्रेणी में डीपीए टीम, जिसमें इंस्पेक्टर संजय पंघाल, पीएसआई दिगंबर और हेड कांस्टेबल सुभाष शामिल थे। उन्होंने अपनी कला का प्रदर्शन कर पुलिस कप के साथ ही 45,000 रुपये नकद पुरस्कार प्राप्त किया। दिल्ली पुलिस अकादमी के महिला रनिंग क्लब में महिला कांस्टेबल कल्पना, रजनंदिनी, और त्शेरिंग डोल्कर ने पुलिस को कांस्य पदक दिलाया। उन्हें 15,000 रुपये नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण

दिल्ली हॉफ मैराथन में दिल्ली पुलिस अकादमी चमकी

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

नई दिल्ली।

जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में दिल्ली हॉफ मैराथन हुआ। करीब 45,000 धावकों ने इसमें भाग लिया। डीपीए के निदेशक विजय सिंह आईपीएस के नेतृत्व में 30 प्रशिक्षुओं सहित 40 सदस्यों की एक टुकड़ी ने इसमें भाग लिया।

संजय पंघाल, सुभाष और दिगम्बर ने स्वर्ण पदक के साथ पुलिस कप जीता। उनकी जीत के साथ 45,000 रु पए का नकद पुरस्कार भी दिया गया। कल्पना, राजनंदिनी और शेरिंग डोलकर की टीम ने पुलिस कप में कांस्य पदक हासिल किया। उनकी उपलब्धि को 15,000 रु पए के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इसमें 115 से अधिक टीमें, जिनमें दिल्ली पुलिस की विभिन्न इकाइयों और जिलों के 345 धावक शामिल थे, पुलिस कप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए आगे आईं और अपनी ऊर्जा और उत्साह से इस आयोजन को और समृद्ध किया।